भगवान तेरी इस नगरी में

भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

कोई मान का सुखी कोई धन का सुखी
कोई जान बूझ के आप दुखी
भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

एक राजा सुखी एक रानी सुखी
जब राज लूट जाए तो दोनो दुखी
भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

एक सेठ सुखी एक सेठानी सुखी
जब धन लूट जाए तो दोनो दुखी
भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

एक सूरज सुखी एक चाँद सुखी
जब ग्रहण लाग जाए दोनो दुखी
भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

एक मच्हली सुखी एक मेढक सुखी
जब ताल सुख जाए दोनो दुखी
भगवान तेरी इस नगरी में
ये सारी दुनिया बहुत दुखी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13093/title/bhagwan-teri-is-nagari-me-ye-sari-duniya-bahut-dukhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |